निबंधन और शर्तें
परामर्शदाता-वित्त (एनपीसीबी एवं वीआई)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पदों के लिए पूर्णत: तदर्थ आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

कार्य की रूपरेखा:

- राष्ट्रीय दृष्टिहीनता और दृष्टिदोष नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीबी एवं वीआई) के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त होने वाले प्रस्तावों की जांच और मूल्यांकन करना।
- कार्यशालाओं / राष्ट्रीय समीक्षा बैठकों / क्षेत्रीय समीक्षा बैठकों के लिए नोट्स / कार्यसूची प्रस्तुतीकरण इत्यादि तैयार करना।
- एनपीसीबी एवं वीआई के लेखा / उपयोग प्रमाण-पत्रों के उपयोग की निगरानी समायोजन जैसे बजट संबंधी कार्य / वित्तीय रिपोर्टें तैयार करना।
- एनपीसीबी एवं वीआई के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां जारी करने करने में सहायता करना।
- व्यय विवरण तैयार करना।
- भुगतान और लेखा कार्यालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्रूाण मंत्रालय के लिए उपयोग प्रमाण-पत्र तैयार करना।
- राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त हुए निष्पादन आंकड़ों को अद्यतन करना तथा उनका रख-रखाव करना।
- योजना संबंधी सभी क्रियाकलापों के लिए मंजूर निधियां जारी करने की कार्रवाई करना।
- रोकड़, भुगतान और लेखा कार्यालय तथा प्रधान लेखा अधिकारी के साथ समन्वय कायम करना।
- एमआईएस के संबंध में प्रशिक्षण और स्पष्टीकरण के बारे में अधिकारियों की सहायता करेंगे।
- प्रबंधन सूचना प्रणाली के माध्यम से प्राप्त होने वाले आंकड़ों को मॉनीटर करना।
- आवधिक रिपोर्टों और विवरणों का रख-रखाव।
- वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सौंपा गया अन्य कोई कार्य।

योग्यता
अनिवार्य:

- B. Com/ CA/ MBA/ M. Com अथवा बाणिज्य सम्बंधित क्षेत्र में स्नातक
- संगणक का व्यवहारिक ज्ञान एवं MS Word, Excel, Tally इत्यादि में निपुण

वांछित:
शासकीय लेखा कार्य में दो वर्षों का अनुभव

आयु सीमा
आवेदन की अंतिम तिथि को 50 वर्ष या उससे कम

समेकित मासिक पारिश्रमिक: ₹ 50,000/-

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **21-Oct-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर npcbvi.recruitment@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।